>

Title: Need to expedite completion of pending projects on NH – 24 for the benefit of people in Bareilly, Uttar Pradesh - laid.

श्री संतोष गंगवार (बरेली) : महोदय, भूतल परिवहन मंत्रालय में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 के ऊपर निम्न कार्य पिछले कई वर्षों से लंबित है। प्रक्रिया चल रही है, परन्तु अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है।

1. राष्ट्रीय राजमार्ग 24 महानगर बरेली के ऊपर बाईपास के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण हो चुकी है। कार्य पिछले 5 वर्षों से प्रारंभ होना प्रस्तावित है।

2. राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर मुरादाबाद से बरेली तक प्राथमिकता के आधार पर चार लेन का बनाया जाना।

3. उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर मीरगंज व फतेहगंज पश्चिमी स्थानों पर उपरिगामी सेतु के निर्माण की स्वीकृति की जाये।